समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Monday, 21 September 2026

# 2015 मे IPL खेल चुके अजहर महमूद बने पाकिस्तान टेस्ट टीम के हेड कोच, जानिए उनका क्रिकेट करियर और निजी जीवन।

Publisher
Published on 30 Jun 2025




## ब्रिटिश नागरिकता के कारण IPL खेलने वाले एकमात्र पाकिस्तानी क्रिकेटर अजहर महमूद को PCB ने टेस्ट टीम का कार्यवाहक हेड कोच नियुक्त किया।

**पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB)** ने टेस्ट क्रिकेट के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए **अजहर महमूद** को **पाकिस्तान टेस्ट टीम का कार्यवाहक हेड कोच नियुक्त** किया है। यह **नियुक्ति वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र** को ध्यान में रखते हुए की गई है। अजहर इससे पहले टीम के सहायक मुख्य कोच के रूप में कार्य कर चुके हैं।

पीसीबी को विश्वास है कि महमूद के अनुभव और नेतृत्व में पाकिस्तान टेस्ट टीम सकारात्मक प्रदर्शन करेगी। उनका काउंटी क्रिकेट में भी अच्छा रिकॉर्ड रहा है। काउंटी टीम की कोचिंग के दौरान उन्होंने 2 बार खिताब जीतने में सफलता हासिल की।

**कौन है अंजहर महमूद ?**
**जन्म :** 28 फरवरी 1975, रावलपिंडी, पाकिस्तान
**भूमिका :** गेंदबाज ऑलराउंडर

**अंतरराष्ट्रीय करियर :**
**ODI डेब्यू :** 1996
**टेस्ट डेब्यू :** 1997
**कुल टेस्ट मैच :** 21 (39 विकेट)

**कुल वनडे मैच :** 143 (123 विकेट)
**वनडे मे 3 बार 5 विकेट लेने का कारनामा**

**IPL मे कैसे खेले अजहर महमूद ?**

१. **2008 के बाद से पाकिस्तानी खिलाड़ियों को IPL मे खेलने की अनुमति नहीं थी, लेकिन अजहर महमूद इसका अपवाद रहे।**
२. **उन्होंने 2003 मे एंबा कुरैशी (ब्रिटिश नागरिक) से शादी की और**
३. **2011 मे ब्रिटिश नागरिकता प्राप्त की।**
४. **इसके चलते वह एक विदेशी खिलाड़ी के रूप मे IPL मे खेलने योग्य हुए।**
५. **वह 2012 और 2013 मे पंजाब किंग्स और 2015 मे कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के लिए खेले।**

निजी जीवन
**पत्नी :** एबा कुरैशी, ब्रिटिश नागरिक
**बच्चे :** 3
बेटी इनाया महमूद इंग्लैंड के सरे क्लब के लिए महिला क्रिकेट खेलती हैं
अजहर ने अपनी बेटी को क्रिकेट की प्रारंभिक ट्रेनिंग स्वयं दी थी

**PCB की प्रतिक्रिया :**

पीसीबी ने बयान में कहा कि, "अजहर महमूद की रणनीतिक समझ, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और कोचिंग स्किल्स पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट के लिए अहम होंगी।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.